nandgaon times dec-23-03.qxd 12/22/2024 10:34 PM Page 1

विप्र फाउंडेशन के शिविर में 18 आयुष्मान... पृष्ठ 2 | युवा लोधी समाज द्वारा कराया... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 23 दिसंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 71, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# रोजगार मेले में पीएम मोदी 71,000 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र





**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को भर्ती अभियान 'रोजगार मेला' में 71,000 से ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी युवाओं को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश भर में एक साथ 45 जगहों पर आयोजित कार्यक्रमों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुबह 10:30 बजे कार्यक्रम से जुड़ेंगे। यह नियुक्तियां गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग सहित विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में की गई हैं। पीएमओ के अनुसार, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में ये एक और कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म-सशक्तिकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

इससे पहले 29 अक्टूबर को, पीएम मोदी ने रोजगार मेले को संबोधित किया था और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए थे। उस दौरान पीएम मोदी ने जॉब लेटर पाने वाले युवाओं से कहा कि आप जनता के सेवक हैं शासक नहीं इसलिए आप गरीबों-पिछड़ों की सेवा कीजिए। अगले 25 सालों में आप ही विकसित भारत बनाएंगे। रोजगार मेले की शुरुआत अक्टूबर 2022 में हुई थी। इसके तहत अब तक 13 मेलों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें साढ़े आठ लाख से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है। भर्ती केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों द्वारा स्वयं और यूपीएससी, एसएससी और रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जाती है। यन प्रक्रिया को सरल और तकनीकी रूप से कुशल बताया जाता है।

# महापौर पद के आरक्षण पर टिकी नजर

## भाजपा और कांग्रेस के दर्जनभर दिग्गजों की दावेदारी

**धीरज तिवारी**

**रायपुर।** महापौर पद के आरक्षण पर भाजपा और कांग्रेस पार्टी के दिग्गजों की नजर टिकी हुई है। महापौर पद के लिए आरक्षण सामान्य वर्ग के लिए रहा, तो महापौर पद का चुनाव लड़ूंगा। निगम के 70 वार्डों के आरक्षण की लाटरी निकलने के बाद अब महापौर पद के आरक्षण पर भाजपा और कांग्रेस पार्टी के दिग्गजों की नजर टिकी हुई है। महापौर एजाज ढेबर ने साफ कह दिया है कि पार्षद का चुनाव लड़ने की बिलकुल इच्छा नहीं है। महापौर पद के लिए आरक्षण सामान्य वर्ग के लिए रहा, तो महापौर पद का चुनाव लड़ूंगा। उनका ये भी कहना है, पार्टी में संगठन की अहम भूमिका होती है, संगठन तय करेगा उन्हें क्या भूमिका देनी है। एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन के मुताबिक, पार्टी का आदेश सर्वोपरि है, पार्टी को यदि महापौर का योग्य उम्मीदवार लगता हूं, तो महापौर चुनाव जरूर लड़ूंगा। पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा को 100 फीसदी उम्मीद है कि इस बार महापौर का पद ओबीसी का रहेगा, इसलिए वे महापौर पद की दावेदारी करेंगे। हरिभूमि ने महापौर पद के चुनाव को लेकर वरिष्ठ पार्षदों से नगरीय निकाय चुनाव में उनकी मंशा को लेकर बातचीत की। इसमें प्रतिभागियों ने खुलकर अपने मन की बात की। एमआईसी सदस्य नागभूषण राव ने कहा, नगर निगम चुनाव में इस बार महापौर पद सामान्य या पिछड़ा वर्ग के लिए परची निकलती है तो पार्टी से मेयर पद के लिए टिकट मांगेंगे। जनता से जुड़े है इसलिए यतियतन लाल वार्ड से पार्षद के रूप में जनता से जुड़ने की इच्छा है। पूर्व महापौर और निगम सभापति प्रमोद दुबे के मुताबिक, महापौर पद सामान्य वर्ग के लिए रहा तो महापौर पद की टिकट पर चुनाव के लिए कोशिश करेंगे। पार्टी का निर्णय मान्य होगा। वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन ने कहा, महापौर पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित रहने पर पार्टी यदि उन्हें महापौर पद का चुनाव लड़ने आदेश करती है तो वे जरूर चुनाव लड़ेंगे। महापौर या पार्षद जिसमें आदेश मिले शिरोधार्य होगा।





# रेंगाकठेरा में कलश यात्रा के साथ शिवमहापुराण का शुभारंभ





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के रेंगाकठेरा में 9 दिवसीय शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ शीतला मंदिर व शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा बोल बम धुन की प्रस्तुति से प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा के पश्चात वेदी पूजन शिव स्तुति, व्यासपीठ पूजन, पूजन, कलयुग का महामंत्र हरे कृष्ण-हरे कृष्ण-कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम-हरे राम, राम-राम हरे-हरे के धुन में श्रोता झूम उठे। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पाण्डेय, श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के श्रीमुख से लोग कथा श्रवण कर रहे है। मुख्य जजमान के रूप सुखदेव सिन्हा यशोदा सिन्हा है। प्रथम दिवस कथा श्रवण करने परदेशी साहू, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू, जनपद सदस्य गणेश साहू, राकेश साहू, राजा साहू, सोनू सिन्हा, कुणाल साहू, संदीप देवांगन, दीपचंद साहू, बंटी साहू, प्रकाश सिन्हा, आकाश सिन्हा, गोलू सोनवाने, मोनू देवांगन, अतुल साहू, डिकेश साहू, ओकेश साहू, हेमचंद साहू, बंटी सिन्हा, रितेश सिन्हा, कोमल साहूए, हुमलाल साहू, शुभस साहू, जितेश सिन्हा, सोनू ठाकुर, कोमल सिन्हा, महेश वर्मा, झुमुक वर्मा, तुलसी वर्मा, टीकम साहू, गोरे साहू, रवि साहू, प्रेमचंद साहू सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणजन कथा का रसपान किये।

### दिल्ली में आज से होगा महिला सम्मान और संजीवनी योजना का रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना के लिए रजिस्ट्रेशन सोमवार से शुरू किया जाएगा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी इस योजना का रजिस्ट्रेशन प्रारंभ करेंगे। महिला सम्मान योजना के तहत दिल्ली की महिलाओं को 2100 रुपए देने का वादा किया गया है। वहीं संजीवनी योजना के तहत 60 साल से ऊपर के व्यक्तियों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। केजरीवाल का कहना है कि महिला सम्मान योजना का लाभ करीब 35 से 40 लाख महिलाओं को मिल सकता है। वहीं करीब 10 से 15 लाख बुजुर्गों को स्वास्थ्य योजना का लाभ मिलेगा। दिल्ली की महिलाओं को दिल्ली सरकार ने 2100 रुपए प्रति माह देने का वादा किया है। सोमवार से इसके लिए पंजीकरण शुरू किया जाएगा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मुताबिक इसके लिए महिलाओं को कहीं जाकर रजिस्ट्रेशन करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

इस योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन करने के लिए अलग-अलग टीमें महिलाओं के घर जांएगी। इस योजना के लिए महिलाओं को कहीं लाइन लगाने की जरूरत नहीं है।

# समाज की एकता से हमारे संस्कृति व धर्म सुरक्षित रहेंगे - मदन साहू





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोगरगांव के तुमड़ीबोड़ में सामाजिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम हुए जिसमें आज जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मदन साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिसमें महिला प्रशिक्षण भवन साहू समाज सामुदायिक भवन पटेल समाज सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत के आमंत्रण पर उन्होंने के कहा कि समाज हमारे पुरखों की धरोहर है इसे सुरक्षित रखना और संभाल हम सब की जिम्मेदारी है। समाज से हमारे संस्कृति की रक्षा होती है हमारे संस्कृति से हमारे धर्म के प्रति झुकाव होता है मानव एक सामाजिक प्राणी है और समाज को चलाने के लिए हमारे पदाधिकारी ने नियमावली बनाकर रखें समाज से बढ़कर कोई नहीं होता और आने वाले पीढ़ी को समाज के प्रति जागरण करने की जरूरत है। समाज कहीं कमजोर होता है तो हमारे संस्कृति लुप्त हो जाएंगे जिससे हमारे धर्म की सुरक्षित नहीं रहेंगे धर्म को और संस्कृति को बचाने के लिए युवा वर्ग को समाज के मुख्य धारा में जोड़ना अति आवश्यक है गांव में सभी समाज व सभी धर्म के लोग निवासरत करते हैं एक दूसरे समाज की सम्मान और धर्म की सम्मान करते हैं आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास जरूरी है। श्री साहू ने ग्राम पंचायत के सरपंच टीकम पटेल सहित सभी पंच उपसरपंच व समाज के पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाई दी।

कार्यक्रम में विशेष रूप से क्षेत्र विधायक सम्मानित दलेश्वर साहू जी जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव जी जनपद सदस्य श्रीमती भुनेश्वरी साहू पटेल समाज के जिला अध्यक्ष नैनसिंह पटेल जी तहसील अध्यक्ष सेवाराम पटेल साहू समाज के तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू जी पूर्व जिला पंचायत सदस्य गुलाब वर्मा डॉ विद्यविलास श्रीवास्तव ग्राम पटेल अमरोतन साहू खेलूदास साहू उदेराम पटेल भुसावल साहू मंडल अध्यक्ष इंद्रसेन साहू श्रीमती जमुना साहू रमेश जैन उर्वशन साहू पितांबर साहूअतिथि स्वरूप विराजमान थे। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू जी कर रहे थे आयोजन ग्राम पंचायत के सरपंच टीकम पटेल व सचिव येवेंद्र साहू ने पंचायत अधिकारियों सहित अतिथि व सामाजिक जनों का सम्मान किया।

# पुलिस भर्ती प्रक्रिया की गड़बड़ी में मोबाइल चैटिंग का क्या है राज !





**दीपांकर खोबरागड़े**

**राजनांदगांव( नादगाव टाइम्स)।** पुलिस रेंज में चल रही पुलिस भर्ती प्रक्रिया में ड्यूटीरत एक आरक्षक ने पिछले दिनों फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । भर्ती में गड़बड़ी को लेकर अनेक प्रश्न चिन्ह खड़े हो गए हैं। कौन कौन से इवेंट में किस-किस का नंबर बढ़ाया गया दूसरा जिन पुलिस वालों के ऊपर कार्यवाही हुआ उन्होंने पैसा उन लोगों से कितना लिया और किसके मार्फत लिए उन् लोगों से जान पहचान उम्मीदवारो का कैसे हुआ संदेही पुलिस वालों की जांच अभी भी चल रही है और जो जेल पहुंच चुके है और सुसाइड करने वाला सिपाही रत्नाकर क्या इनके मोबाइल चैटिंग में क्या सामने आया है। क्या भर्ती प्रक्रिया स्थल पर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति थी। अगर नहीं तो भर्ती प्रक्रिया स्थल पर मोबाइल फोन पहुंच कैसे गए क्या प्रवेश स्थल से लेकर अंदर तक एक चैन तैयार थी ? तो उसका नेतृत्व कर कौन रहा था। सुसाइड करने वाला जवान अपने पीछे अनेकों प्रश्न छोड़ गया जिसके कड़ियों को खोलना जांच का अहम हिस्सा है। एका एक पुलिस का जवान आखिर कौन से दबाव से परेशान होकर आत्महत्या करने विवश हुआ जो सीने में गोली खाने का माद्दा रख पुलिस की नौकरी करने का साहस लिए हुए था। ऐसा तो नहीं हथेली पर लिखी सच्चाई जवान के साथ पंचतत्व में विलीन हो जाएगी या समूचे घटना से जो पुलिस की छवि दागदार हुई उसे पारदर्शिता से जांच कर हुए गड़बड़ी के पीछे का सच सामने लाना होगा अन्यथा भ्रष्टाचार और लेनदेन कर जो लोगों का चयन हुआ होगा वो सिस्टम पर तांडव करेंगे और सारे राज दफन हो जाएंगे।

**सत्ता और राजनीति में समृद्धशाली फिर भी कुशासन!**

राजनांदगांव जिला हमेशा से ही सत्ता और राजनीति का केंद्र बिंदु रहा है पहले 15 वर्षों तक डॉ रमन सिंह मुख्यमंत्री के बतौर अपना एकतरफा राज चलाए हैं। आज भी राजनांदगांव जिला राजनीतिक रूप से पूर्ण रूप से सक्षम और पावर बैंक की हैसियत रखता है गृहमंत्री और उपमुख्यमंत्री इस जिले के प्रभारी मंत्री है वही विधानसभा के संवैधानिक पद के सर्वोच्च विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी लिए हुए हैं। यहीं से दो बार के चुने हुए सांसद संतोष पांडे है। फिर भी प्रदेश के मुखिया की आवाज सुशासन को नहीं संभाल पा रहे हैं और अब स्थिति भर्ती को लेकर सुशासन स्पष्ट नजर आ रहा है। यहां की घटना ने पूरे प्रदेश में राजनांदगांव जिले को शर्मसार कर दिया है। और युवाओं को उनके भविष्य के बारे में सोचने विवश कर दिया है। क्या आने वाले भर्तियों में युवाओं को ईमानदारी, निष्पक्षता और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का सपना संजोएगी या भर्तियों को लेकर शशंकित रहेगी। राजनीति के सर्वोच्च पद में बैठे हुए लोगों से भी उम्मीद युवा तो कर ही रहे हैं राजनांदगांव के शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र से लेकर प्रदेश तक लोग टकटकी लगाकर देख रहे हैं कि इन ताकतवर सत्ताधीशों के रहते आखिर सन्नाटा क्यों है ?

**हथेली में लिखा सुसाइड नोट जिसे मृतक के भाई ने पढ़ा**

आत्महत्या करने वाले सिपाही ने सुसाइड नोट के कुछ कारण को हथेली में लिखकर सिस्टम की पोल खोलने की ओर इशारा करने वाला है।

हाथ की हथेली में लिखे हुए शब्दों को पढ़ने वाला मृतक का भाई जिसकी आवाज में सगे भाई को खोने का दर्द छुपा हुआ है और सिस्टम के खिलाफ बड़े अधिकारियों पर नाराजगी। मृतक के भाई के अंदाज से कि जिस वजह से वह आत्महत्या करने विवश हुआ उसमें दोषी अधिकारियों को छोड़ नहीं जाना चाहिए शायद यही आक्रोश पढ़ते वक्त नजर आ रहा है।

# विप्र फाउंडेशन के शिविर में 18 आयुष्मान वय वंदना कार्ड सहित 218 कार्ड बने








**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनंदगांव विप्र फाउंडेशन की जिला इकाई द्वारा आज भरका पारा स्थित एलिजेंट कॉलेज में आयुष्मान एवं वय आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से लगाए गए इस शिविर का आज भारी संख्या में सामाजिक लोगों ने लाभ उठाया वहीं अन्य वर्ग के लाभार्थियों ने भी इसका लाभ उठाया।

विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कचरुप्रसाद शर्मा के निर्देशन एवं जिला अध्यक्ष अशोक जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर को अच्छा प्रसाद मिला। वय आयुष्मान वंदना योजना के अंतर्गत आज शिविर में पहला आयुष्मान वय वंदन कार्ड भरकापारा निवासी 80 वर्षीय बालकिशन शर्मा का बनाया गया। बालकिसन शर्मा ने कहा कि यह योजना वास्तव में काफी सराहनीय है। उन्होने कहा कि अभी तक अनेक ऐसे लोग जो गरीब है और गरीब होने के बाद भी तकनीकी कारणो एवं शर्तों के चलते से उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाता था। ऐसे लोग स्वास्थ को लेकर काफी मुसीबत व विषम परिस्थिति में जींदगी जी रहे थे। आब ऐसे लोगों के चेहरे में जो मोदी जी ने मुस्कान लाई है उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है।बालकिशन शर्मा ने बताया कि उनकी उम्र 80 साल है और वह ब्राह्मण समाज के हैं वे समझ सकते हैं कि इस में आयुष्मान योजना का कितना अधिक लाभ लोगों को मिलने वाला है।विप्र जिला अध्यक्ष अशोक जोशी ने बताया कि इसमें लगभग 218 लोगों ने कार्ड बनवाया जिसमें से 88 लोगों ने पहली बार आयुष्मान कार्ड बनवाया है।उन्होने बताया कि आयुष्मान वय वंदना 70 वर्ष से अधिक वय वाले 18 नये वयोवृद्धों के नवीन आयुष्मान वय वंदन योजना के कार्ड बनाये गए। 88 नये पंजीकरण कर आयुष्मान कार्ड बनाये गये। कुल 218 लोगों ने पंजीयन कराया जिनको शिविर में आयुष्मान योजना की जानकारी दी गयी।

काअशोक जोशी ने बताया कि यह कार्ड सामाजिक-आर्थिक स्थिति से परे 70 साल या इससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान करता है। यह कार्ड लगभग 2000 चिकित्सा प्रक्रियाओं से जुड़ी उपचार की सुविधा देता है और बिना किसी प्रतीक्षा अवधि के पहले दिन से ही सभी मौजूदा बीमारियों को कवर करता है। शिविर मे: स्वास्थ विभाग के कर्मी क्रमश: सूर्यकान्त वर्मा व जीत कुमार हरिहारनो का सराहनीय सहयोग रहा। आज आयोजित इस शिविर में विप्र के प्रदेश अध्यक्ष कचरुप्रसाद शर्मा,मार्गदर्शक पुरुषोत्तम तिवारी सहित संरक्षकगण राजकुमार शर्मा कुमार, श्रीकिशन जोशी, दशरथ शर्मा, महेश शर्मा, शिवशंकर जोशी, सचिव जीतेन्द्र शर्मा ,उपाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा,कार्यकारिणी सदस्यगाण क्रमश: मयंक शर्मा, आनंद शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, राजेश शर्मा, मनोज पटाक,रविशंकर जोशी का विशेष सहयोग रहा।

## कोपेडीह महोत्सव मे पारम्परिक छत्तीसगढ़ी खेल 31को, सांस्कृतिक कला महोत्सव कार्यक्रम भी होगा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम कोपेडीह मे समस्त ग्रामवासी एवं कोपेडियन विलेजर्स वेलफेयर फाउंडेशन कोपेडीह के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय कोपेडीह महोत्सव का आयोजन आगामी 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को किया जा रहा है। कोपेडियन विलेजर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष परस राम साहू ने बताया कि 31 दिसंबर को खेल प्रोत्साहन के तहत महिला, पुरुष, युवा वर्ग एवं बच्चों के लिए पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम मे श्रद्धांजलि संगीत संध्या, रिकॉर्डिंग डांस, फैंसी ड्रेस सहित विविध आयोजन एवं नव वर्ष अभिनंदन कार्यक्रम होगा और 1 जनवरी को सांस्कृतिक कला महोत्सव कार्यक्रम के तहत रामायण सिया के राम मानस परिवार पड़की भाट बालोद, सुआ नृत्य कहि देबे सुआ ल संदेश सुआ नृत्य ससहापपलारी बलौदा बाजार, रामायण उमाशंकर मानस मंडली डिपरापारा दुर्ग, पंडवानी आदर्श पंडवानी पिरदा बेमेतरा, लोक कला माटी के महिमा लोक कला मंच दुर्ग, गुरु ग्रंथ पंडवानी आदर्श पंडवानी (गायिका त्रिवेणी साहू) पिरदा बेमेतरा, जस झांकी भारत दर्शन जस झांकी परिवार भिंम्भौरी बेमेतरा की प्रस्तुति होगी। परस राम साहू अध्यक्ष,विष्णु सिंह साहू उपाध्यक्ष,मानिक साहू कोषाध्यक्ष,रमेश यदु सचिव,विजय अग्रवाल सहसचिव, मदन साहू संरक्षक व अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, सदस्य गण - तीरथ साहू उपसरपंच, राजेश साहू, भूपेंद्र, गौकरण पवार, कुलेश्वर साहू, दिलेश्वर साहू, दुग्धे दीपक साहू, हरेंद्र सिंह,भूपेंद्र ठाकुर, पवन साहू,यवनेश साहू, गोवर्धन साहू, रोशन साहू, श्रवण नागवंशी, लोमस साहू ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

# आरक्षक की आत्महत्या के बाद सरकार और अधिकारी होंगे कठघरे में, हो उच्च स्तरीय जांच - अभिमन्यु उदय मिश्रा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने आरक्षक आत्महत्या मामले व आरक्षक भर्ती मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इससे यह पूरा मामला बेहद संवेदनशील हो चुका है यह भी जानकारी में आया है कि शव के हाथ पर लिखा था कि 'कर्मचारियों को फसाया जा रहा है और अधिकारियों को बचाया जा रहा है' यह लिखा होना किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है आखिर कौन अधिकारी शामिल हैं और उन्हें कौन बचा रहा है मैने पहले भी अपने जारी बयान में कहा था जब पहली बार डी जी के पत्र को ले कर न्यायलय ने स्टे लगाया था कि यह एक सुनियोजित घोटाला है इसकी जानकारी मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को न होना संभव नहीं है उसके बाद से लगातार आरक्षक भर्ती में अनियमितताओं की खबरें आने लगी कई अभ्यर्थियों ने आरोप लगाए शिकायतें की तब जांच में कर्मचारियों को आरोपी बनाया गया और अब उसके बाद यह घटना हो जाना यह सब यही इशारा करते हैं कि इसमें कई बड़े लोगों का भी हाथ है जो कि प्रशासन में हैं और सवाल भी उठते हैं कि उन्हें बचाने वाले क्या सरकार में हैं ? और अब जो कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है वो किसके इशारे पर बनाया जा रहा है किसके इशारे पर अधिकारी आरक्षक भर्ती में घोटाला कर रहे थे यह सभी बड़े सवाल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अब जिस तरह से यह विषय बेहद संगीन हो चुका है और सवाल अनगिनत हैं इसकी निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच होनी बेहद जरूरी हो चुकी है ताकि जल्द से जल्द हजारों युवाओं के भविष्य से खेलने वालों और एक आरक्षक की आत्महत्या के जिम्मेदार लोगों को चाहे वो कितने भी बड़े पद पर आसीन हो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो सके व कठोर से कठोर सजा मिल सके ।

# देश का प्रकृति परीक्षण अभियान का कृषि कॉलेज में आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एस.के.एस. कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन,सुर्गी राजनंदगांव में छत्तीसगढ़ आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, मनकी के द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कॉलेज के इंटर्न्स ने छात्रों का आयुर्वेदिक प्रकृति परीक्षण किया। इस परीक्षण के माध्यम से उनके वात, पित्त और कफ का विश्लेषण कर उनकी शारीरिक प्रकृति का निर्धारण किया गया, और इसके आधार पर उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एस.के.एस. कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की डीन श्रीमती जे.एल. गांगुली और सहायक प्राध्यापक शिवाजी लिमजे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनकी शारीरिक प्रकृति (वात, पित्त और कफ) के अनुरूप सही स्वास्थ्य जानकारी प्रदान कर, उन्हें आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

## गुरु घासीदास जी पर केंद्रित रहा पुरवाही साहित्य समिति द्वारा आयोजित आनलाइन परिचर्चा एवं कवि गोष्ठी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा, छुरिया द्वारा 21 दिसम्बर को शाम 6 बजे से 9 बजे तक आनलाइन परिचर्चा व गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें दो दर्जन रचनाकारों ने अपने विचार व्यक्त कर विभिन्न रसों से ओतप्रोत रचनाएं पढ़ी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भंवर बंजारे जी तथा अध्यक्षता शिवप्रसाद लहरे जी पूर्व अध्यक्ष पुरवाही समिति ने किया। आधार व्यक्तव्य पुरवाही के संयोजक श्री ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' ने दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुई। प्रथम सत्र में गुरु घासीदास के संदेश अउ वर्तमान परिप्रेक्ष्य विषय पर अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि के रूप में भंवर बंजारे जी ने बाबा जी जीवन परिचय से जोड़ते हुए अमृत कुंड के पानी की महत्ता बताई। अध्यक्षता की आसंदी से शिवप्रसाद लहरे समाज में व्याप्त छुआछूत व बाबा की रावटी यात्रा की बात बताई। ओमप्रकाश साहू 'अंकुर' ने तत्कालीन समय में पिंडारियों द्वारा किये उत्पातों का बाबा जी के द्वारा किये प्रतिकार का उल्लेख किया। कोमल सिंह गुरु ने बाबा घासीदास जी को संत समाज का अद्वितीय पुरूष कहा। हेमलाल सहारे ने कहा कि अब बाबा के संदेशों को जमीनी स्तर पर उतारने का वक्त आ गया है। उनके सात उपदेश ही धरा को स्वर्गिक स्वरूप देने के लिए काफी है। दूसरे सत्र में सरस काव्यपाठ में कवियों ने समसामयिक विषयों के अलावा छत्तीसगढ़ महतारी, मानवता, ईमान, मोबाइल, युवा पीढ़ी, नशा, प्रेम व श्रृंगारपरख गीत, किसानी, मनुष्य जीवन, सामाजिक विषमता, समरसता जैसे विषयों पर काव्य पाठ की।



## सप्ताह के सितारे (23 दिसंबर 2024)
## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 2- 3- 8 - 0 | 23-32-28-82-38-83 |
| मंगल | 1- 3 - 7 - 9 | 37-73-39-93-79-97 |
| बुध | 2 - 4 - 5 - 7 | 24-42-27-72-47-74 |
| गुरू | 1- 4 - 8 - 9 | 48-84-49-94-89-98 |
| शुक्र | 2 - 3 - 4 - 8 | 29-92-34-43-78-87 |
| शनि | 3 - 5 - 6- 0 | 67-76-12-21-09-09 |

अंकों का बादशाह -3 सप्ताह में अचूक 1 - 5 - 6 - 0
सप्ताह का वरदान -8 स्पेशल - 52- 12 -68 -08

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 15 - 16 - 10 | (6) 61 - 65 - 66- 60 |
| (2) 21 - 25 - 26 - 20 | (7) 71 - 75 - 76 - 70 |
| (3) 31 - 35 - 36 - 30 | (8) 81 - 85 - 86 - 80 |
| (4) 41 - 45 - 46 - 40 | (9) 91 - 95 - 96 - 90 |
| (5) 51 - 55 - 56 - 50 | (10) 01 - 05 - 06 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 05-90-74-06-19-63 | 99-02-79-27-60 |
| 90-34-82-09-28-19 | 50-45-44-75-49 |
| 72-34-21-32-21-42 | 50-22-16-82-36 |
| 58-84-00-67-06-98 | 03-52-58-30-08 |
| 03-82-29-90-14-66 | 52-31-89-77-76 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक


# नगरीय निकाय पेन्शनरों ने मनाया पेन्शनर दिवस





**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ के नगर निग़म एवं नगर पालिका के पेन्शनरों ने प्रांताध्यक्ष डॉ डी सी जैन के आमंत्रण पर दिनांक 17 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम रायपुर में स्थित संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन के कार्यालय के नीचे सभागार में गरिमापूर्वक पेंशनर दिवस मनाया गया। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय पेन्शनर संघ द्वारा पेन्शनर दिवस के अवसर पर संघ का साधारण सभा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में राजनांदगाँव, महासमुंद, तखतपुर, मूँगेली, सकती, धमतरी, भाँटापारा, नैला, तिलदा नेवरा, बाग़बाहरा, कांकेर, गोबरा-नवापारा के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं संयुक्त संचालक श्री लोकेश्वर साहू, सहायक संचालक शिनु भारती एवं प्रांताध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रांताध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि श्री साहू को टीका लगाकर एवं माल्यार्पित कर स्वागत किया गया। उन्होंने सहायक संचालक का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर किया। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि एवं प्रांताध्यक्ष द्वारा सम्मेलन में उपस्थित सभी पेन्शनरों का स्वागत टीका लगाकर एवं माल्यार्पण कर किया गया। उपस्थित पेन्शनरों ने अतिथियों एवं प्रांताध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पेन्शन दिवस 17 दिसंबर के संबंध में प्रकाश डालते हुए प्रांताध्यक्ष डॉ जैन द्वारा यह बताया गया कि भारत में पेन्शनर दिवस का शुरुआत 1983 से किया गया। पेन्शनर दिवस माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिनांक 17/12/1982 को डी एस नकरा ब्क्स् यूनियन ऑफ़ इंडिया प्रकरण पर दिनांक 17/12/1982 को दिये गये सर्व सम्मत निर्णय की याद में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि डी एस नकरा पूर्व डिफ़ेंस मिनिस्ट्री ऑफिसर थे जिन्होंने पेन्शनरों के हक़ के लिए 1979 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका प्रस्तुत की थी जिसका निर्णय दिनांक 17/12/1982 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा किया गया था। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय सेवा निवृत्त अधिकारियों एवं पेंशन भोगियों को सम्मान और शालीनता की गारंटी देता है। उन्होंने नगरीय निकाय पेन्शनरों को पेंशन देने के संबंधी कार्यवाही मध्य प्रदेश शासन के समय 1972 से की जाती रही तथा कई बार पेन्शनरों द्वारा आयोजित धरना आंदोलन के फल स्वरूप 1975 से पेंशन नियम लागू किए गए। उन्होंने अपने संबोधन में पेन्शनरों की कठिनाइयों का ज़िक्र करते हुए उसके निवारण हेतु नगरीय प्रशासन मंत्री, सचिव एवं संचालक से भेंट करने की बात कही। मुख्य अतिथि श्री लोकेश्वर साहू द्वारा पेन्शनरों को संबोधित करते हुए उनकी समस्या का निवारण विभागीय स्तर पर करने का आश्वासन दिया तथा उन्होंने प्रांताध्यक्ष डॉ जैन द्वारा लंबे अरसे से पेन्शनरों के हित में किए गये कार्यों की सराहना की। सहायक संचालक शिनु भारती ने भी पेंशनरों को संबोधित किया। तत्पश्चात प्रांताध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि के धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रथम सत्र का समापन किया गया। पेन्शनर संघ के द्वितीय सत्र में नगरीय निकाय पेन्शनर संघ का वर्ष 2023-24 के आय-व्यय पर स्वीकृति दी गई। दूसरे प्रस्ताव में नगरीय निकाय के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उनके नगर पालिका में एल्डरमैन नियुक्त करने बाबत् शासन से माँग करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही अन्य विषयों पर विचार कर सर्वसम्मिति से स्वीकृत किया गया। नगर निगम धमतरी, राजनांदगाँव तथा महासमुंद के प्रतिनिधियों ने पेन्शनर दिवस के आयोजन तथा नगरीय निकाय पेन्शनरों के समाधान के लिए प्रांताध्यक्ष डॉ जैन द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। प्रांताध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कर आयोजन को सफलता के उच्च शिखर पर पहुँचाने के लिये पेन्शनरों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## जोशीलमती मे मानस गान सम्मेलन 4 एवं 5 जनवरी को ख्याति प्राप्त मंडली देगी प्रस्तुती, 7 जनवरी को मंडई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सत्यम मानस मंच एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वाधान में ग्राम जोशीलमती (गैंदाटोला) मे आगामी 4 एवं 5 जनवरी को दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक समिति के चित्रांगन साहू सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक ने बताया कि मानस गान सम्मेलन के प्रथम दिवस मुक्ता महिला मानस परिवार जोशीलमती, नव जागृति मानस परिवार ब्राम्हण भेड़ी, संगम मानस परिवार बलदेवपुर (खैरागढ़), जय बजरंग मानस परिवार जनकपुर (खिलौरा),सदभावना मानस परिवार ढाबाड़ीह (बालोद) और सुरसाधना बालिका मानस परिवार चंद्रसुर (धमतरी) की प्रस्तुति होगी।इसी तरह से 5 जनवरी को नव ज्योति महिला मानस परिवार जोशीलमती शिव भक्त मानस परिवार सलिहाटोला महाराष्ट्र,भूमिजा महिला मानस परिवार गुढ़ियारी (रायपुर) किंकर मानस परिवार बहेरापाल गरियाबंद,श्री सीता राम बालिका मानस परिवार भोथली धमतरी, माधुर्य मानस परिवार पोटियाडीह धमतरी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम में मंच संचालन भूपेंद्र निषाद ईरा (सोमनी) करेंगे। आयोजक समिति के प्रकाश साहू अध्यक्ष,टेमनलाल साहू उपाध्यक्ष,गुलशन निषाद कोषाध्यक्ष, विवेकानंद साहू सचिव, खैरदास साहू सह सचिव, सदस्यगण- चित्रांगन साहू,मोहन साहू, गोपाल साहू, अलख साहू, मुकेश साहू,नकुल साहू, कुमलाल साहू,किशन साहू, खैरदास साहू, भूपेंद्र गंजीर, राधेलाल पटेल,हिरदे चन्द्र, ईश्वर साहू, रेखराम साहू, नेहरू साहू,लोकेश साहू, भुलउ पटेल,धनंजय साहू, रेवाराम यादव, मेहर सिंग,चेतन कोचे,चोवाराम, राजकुमार साहू,गोवर्धन साहू,शिव चंद्र,डॉ. रिकेश, भूषण पटेल, राधे राम, अणेश उइके,तुकेश आदि ने कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी है।

**जोशीलमती मे मंडई मेला-** 7 जनवरी को आयोजन किया जा रहा है और रात्रि में लोगों के भरपूर मनोरंजन के लिए रंगारंग मोर मयारू संगी टेड़ेसरा वालों का छत्तीसगढ़ी नाच कार्यक्रम रखा गया है।

# भामसं के श्रमिक संपर्क पखवाड़े का शानदार समापन




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय मजदूर संघ अपनी स्थापना के सत्तरहवीं वर्षगांठ पर सालभर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया है, इन कार्यक्रमों की श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव श्रमिक संपर्क पखवाड़े को लेकर जिले सहित निकटवर्ती जिलों खैरागढ़ व मोहला-मानपुर में भामसं के जिला इकाईयों ने गॉव-गॉव, शहर-शहर घूमकर श्रमिकों से संपर्क किया, उनका हाल-चाल जाना, उनके दु:ख-दर्द की पहचान की व ट्रेड यूनियन जगत में भारतीय मजदूर संघ के संघर्षो तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये किये गये कार्यो का ब्यौरा एक पत्रक के माध्यम से रखा।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने प्रेस बयान में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि संपर्क पखवाड़े के तहत राजनांदगांव जिले के सभी 9 मंडलों में तथा खैरागढ़ व मोहला-मानपुर जिले के विभिन्न ग्रामों में भामसं कार्यकर्ताओं ने मजदूरों से व्यापक संपर्क किया व कहा कि श्रमिक क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा संगठन है, हॉल ही में देश में आयोजित जी-20 के तहत श्रमिक क्षेत्र में एल-20 का सफलतापूर्वक आयोजन कर विश्व में अपनी अन्तर्राष्ट्रीय बनाई तथा भारत में अपनी सशक्त उपस्थिति का एहसास सारे संसार को उजागर किया। इसी तरह असंगठित क्षेत्र के करोड़ों-करोड़ श्रमिकों को सामाजिक न्याय की योजना का लाभ दिलाया, श्रम कानूनों में अनावश्यक परिवर्तन को रोकने देशभर में अभियान चलाकर सरकार को सतर्क किया, श्रमिकों को कार्य के प्रति सजगता बताई, राष्ट्र की उन्नति में श्रमिकों की योगदान को महत्वपूर्ण करार दिया, यही कारण है कि पूरे देश में श्रमिक कार्यो को सम्मान मिल रहा है। श्री साहू ने आगे कहा कि बावजूद इसके संगठित क्षेत्र ही नहीं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिये बहुत कुछ किया जाना अभी बाकी है। श्रम के ऐसे अनेक क्षेत्र है जहॉ आज भी श्रमिकों का व्यापक पैमाने पर शोषण हो रहा है। श्रमिक संपर्क पखवाड़े के तहत श्रमिकों के बीच जाकर भारतीय मजदूर संघ ने उनकी समस्याओं को देखा व समझा है, आने वाले समय में इसके लिये कारगार योजना बनाई जायेगी। श्री साहू ने बताया कि श्रमिक संपर्क पखवाड़ा एक से बीस दिसम्बर तक पूरे क्षेत्र में आबाध गति से संचालित हुआ, इस अभियान का प्रारंभ छुरिया विकासखंड से किया गया था इसका समापन भी छुरिया विकासखंड में ही शानदार ढंग से किया गया। समापन समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत घोघरे में शिविर लगाकर किया गया। इस दौरान निर्माण श्रमिकों के श्रमिक कार्ड का नवीनीकरण भी किया गया, इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती कांता साहू, खिलेश्वर साहू, हेमंत साहू, नयनसिंह पटेल, मया राम साहू, तीरथ विश्वकर्मा, हेमंत साहू, चेतनदास उपस्थित थे। श्रम विभाग की ओर से नारद सिंह मंडावी उपनिरीक्षक मुरली साहू एवं छत्रपाल देवांगन भी थे।

## ज्ञान मंथन

*1) भारत का नक्शा किस व्यक्ति ने बनाया था?*
*2) अल्पसंख्यक अधिकार दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?*
*3) विश्व की सबसे ऊंची मस्जिद का नाम क्या है?*
*4) प्रथम विश्व युद्ध के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?*
*5) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कहां विश्व के सबसे बड़े ध्यान केन्द्र स्वर्वेद महामंदिर का उद्घाटन किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) विलियम लैम्बटन और जॉर्ज एवरेस्ट (2) 18 दिसम्बर (3) सुल्तान हसन मस्जिद, कहिरा (4) लॉर्ड हार्डिंग द्वितीय (5)

## कामता प्रसाद शरण श्रीफल शाल नगद राशि सम्मानित किया योगेन्द्र वैष्णव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम धामनसरा में जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार कुडेरादादर व्याख्याकार कामता प्रसाद शरण ने पटेल परिवार नामकरण आयोजन में धार्मिक कार्यक्रम श्रोताओं को मनमोह लिया व्याख्याकार कामता प्रसाद शरण के पूर्व जनपद सदस्य योगेंद्र दास वैष्णव ने श्री फल शाल नगद राशि सम्मानित किया आप-पास धर्म प्रेमियों बड़ी जनसंख्या उपस्थित रहकर कथा श्रवण किया।



## छग उड़ान नई दिशा संस्था ने मनाया स्थापना दिवस

**भिलाई ( नांदगांव टाइम्स )।** महिला सशक्तिकरण पर कार्य करते आ रही उड़ान नई दिशा संस्था ने अपना पांचवां स्थापना दिवस भिलाई के



मैत्री गार्डन में मनाया इस उपलक्ष्य में संस्था के द्वारा महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई थी इस कार्यक्रम का थीम पर्यावरण और पशु पक्षी संरक्षण पर था महिलाओं के लिए छग की भाजीयो से बने व्यंजन तथा सलाद सजाओ प्रतियोगिता रखी गई थी वहीं बच्चों के लिए पर्यावरण थीम पर ड्राइंग प्रतियोगिता तथा फैसी ड्रेस में वन जीव तथा पेड़ पौधे बनकर आना था इस कार्यक्रम को लेकर महिलाओं एवं बच्चों में गजब का उत्साह दिखा मुख्य अतिथि के तौर पर डा नवीन कुमार जैन महाप्रबंधक उद्यानिकी नगर सेवाएं शामिल हुए निर्णायक की भूमिका में सुनीता वर्मा जी,सुमी जी, सुचित्रा गुप्ता जी,मनिमय मुखर्जी जो कि कला के क्षेत्र में जाना पहचाना नाम है अपनी पारखी नजरों से जजमेंट किया संस्था की संस्थापक निधि चन्द्राकर ने बताया कि चूंकि इस बार का थीम पर्यावरण है तो हम लोगों ने भिलाई दुर्ग में पर्यावरण एवं पशु पक्षी संरक्षण है तो इस दिशा में विशेष कार्य करने वाली संस्था को सम्मानित किया बच्चों में पर्यावरण और पशु पक्षी के लिए हमारा क्या कर्तव्य है ये बताने कि कोशिश किए निधि चन्द्राकर ने संस्था के कार्यों के बारे में सभी अतिथियों को अवगत कराया दिपाली मिश्रा (उपाध्यक्ष)ने धन्यवाद देकर कार्यक्रम का समापन किया कार्यक्रम की सारी जिम्मेदारी दिपाली मिश्रा तथा शशि चंद्राकर को दी गई थी जिसे उन्होंने सफलता पूर्वक सम्हाला कार्यक्रम को सफल बनाने में , अनिता वर्मा, कविता गुप्ता, गायत्री साहु, मिनाक्षी,रुना शर्मा , के दीपा, अनिता सिंग का सहयोग रहा।

# युवा लोधी समाज द्वारा कराया जाएगा कैरियर गाइडेंस, कानूनी एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** युवा लोधी समाज के जिला स्तरीय बैठक डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम बोदेला में रखा गया था। जिसमें जिले के पांडादाह, घुमका, खैरागढ़, छुईखदान, एल बी नगर, डोंगरगांव, डोगरगढ़, गंडई सहित अन्य सर्किल के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए थे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला युवा लोधी समाज अध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा ने सभी पदाधिकारी को एक दूसरे से परिचय कराया साथ ही समाज के बारे में पदाधिकारी को विचार रखने को कहा गया है जिसमें पदाधिकारी द्वारा गांव में अलग अलग कुटुंब ( पार) समाज को एक में शामिल करने पहल करने को कहा। लोधी समाज के युवा साथियों द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाने के विषय में भी चर्चा किया गया।

बैठक में अध्यक्ष हर्षवर्धन वर्मा ने युवा लोधी समाज की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी जिसमें बताया कि जिस सर्किल की समाज व देश के प्रति सक्रियता या कार्यप्रणाली अधिक रहेगी उसकी मूल्यांकन कर उस सर्किल के पदाधिकारी को सर्किल ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया जाएगा। डोंगरगांव सर्किल को पर्यावरण संरक्षण क्रांति के संबंध में जिला स्तरीय कार्यक्रम करने जिम्मेदारी दी गई। वही व्यापार सम्मेलन व कृषि के नए आयाम को लेकर खैरागढ़ सर्किल को कार्यक्रम की जिम्मेदारी मिली है। लोधी समाज द्वारा कैरियर गाइडेंस




सेमिनार डोंगरगढ़ व कानूनी एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम घुमका सर्किल में कराया जाएगा । इसके अलावा आर्थिक जागरूकता एवं सजकता कार्यक्रम, भोजली कार्यक्रम में लोधी संस्कृति की प्रदर्शनी लगाने, सनातन जागरण जैसे विभिन्न कार्यक्रम करने के विषय में सार्थक चर्चा किया गया।

**युवा लोधी सर्किल पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 12 जनवरी को**

बैठक के दौरान सभी सर्किल पदाधिकारियों से चर्चा कर प्रस्ताव किया गया कि राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी के दिन राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम बरबसपुर में जिले के सभी 10 सर्किल के पदाधिकारी की शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है। जिसमें जिला व प्रदेश लोधी समाज के सदस्य शपथ ग्रहण समारोह में शामिल रहेंगे। बैठक के दौरान जिला महामंत्री शीतेश वर्मा, पांडादाहा प्रचार सचिव उमेश्वर वर्मा सहित 50 से अधिक युवा लोधी समाज के पदाधिकारी शामिल थे।

**युवाओं के बीच उठा धर्म परिवर्तन का मुद्दा**

लोधी समाज के बैठक में सबसे अधिक धर्म परिवर्तन का मुद्दा उठा घुमका, अतरिया, छुईखदान के पदाधिकारियों ने बताया कि उनके सर्किल अंतर्गत बहुत से लोधी परिवार ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गया है जिसे पुन: सनातन धर्म में परिवर्तित करना आवश्यक है। सामाजिक व्यक्ति जो हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गया है उनका के बारे में विचार किया गया जिसमें कई व्यक्तियों ने विचार व्यक्त किया कि सामाजिक कुरीतियों ही कहीं ना कहीं अन्य धर्म में परिवर्तित करने पर विवश कर रही है। जिस पर जिला अध्यक्ष ने इसे लोधी समाज के मुख्य बॉडी पर बात रखने का आश्वासन दिया। साथ ही युवा लोधी समाज द्वारा अपने स्तर पर जल्द ही ईसाई धर्म में परिवर्तित हुए लोगों को वापस लाने पहल किया जाएगा।

# दीवानझिटिया में लिए नवोदय मेगा टेस्ट में भाग लिए 300 बच्चे

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्राथमिक शाला दीवानझिटिया के स्टाफ द्वारा नई पहल, नवाचार,दीवान झिटिया के नाम पर एक और सराहनीय पहल हुआ।18 जनवरी को होने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु ग्रामीण अंचल के बच्चो के लिए शासकीय प्राथमिक शाला के स्टाफ के अगुवाई में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के तर्ज पर मेगा टेस्ट आयोजन रखा गया था । जिसके लिए 5 दिसंबर से 16 दिसंबर तक बच्चो का पंजीयन कराया गया ।जिसमे लगभग 300 बच्चो ने भाग लिए।जिसमे प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त बच्चो को संकुल समन्वयक लच्छू राम साहू द्वारा पुरुस्कृत किया गया।यह बच्चे जिला राजनांदगांव के चारो ब्लॉक से सम्मिलित हुए थे। पुरुषोत्तम



साहू सहायक शिक्षक ने बताया की इस मेगा टेस्ट का उद्देश्य बच्चो को प्रोत्साहित करना,पूर्व तैयारी, घंटी का ध्यान रखना,ओएमआर सीट में रोल नंबर भरना,जांच करना आदि थे। इस मेगा टेस्ट के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी एल. आर. पात्रे विकास खंड स्रोत समन्वयक अरविंद रत्नाकर ,सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी जयंत साहू ,रश्मि ठाकुर , क्षितिज कुमार सोरी का मार्गदर्शन रहा।इस मेगा टेस्ट के लिए विशेष सहयोग धौराभाठा संकुल के संकुल प्राचार्य परस राम पटेल ,संकुल समन्वयक लच्छू राम साहू, ममता मुटकुरे(शिक्षक),प्रधान पाठक अनीता सलामे, यसवंत कुमार देवांगन,पुरुषोत्तम साहू,माध्यमिक स्कूल अध्यक्ष नरेंद्र साहू,सदस्य मनोज कुमार निषाद कुशल सिंह राजपूत का सहयोग रहा। पर्यवेक्षक जिज्ञासा साहू, तोषिका साहू,भुनेश्वर,दुर्गा वर्मा,लेखनी,दीपिका,नीलेश्वरी,नंदेश्वर,अंसारी मैडम ,गीतांजली मैडम,डिकेश साहू,योगेश नेताम,सुंदर सोनकर,चंद्रवंशी ,दीपिका साहू मैडम,ठाकुर मैडम, डामेश्वरी निषाद का योगदान रहा।ग्राम वासी इससे बहुत उत्साहित है पुरुषोत्तम साहू सहायक शिक्षक ने बताया की कुछ माह पश्चात प्रयास परीक्षा की तैयारी हेतु मेगा टेस्ट के लिए रणनीति तैयार किया जा रहा है ,जिसमे सैकड़ों विधार्थियो को इसका लाभ मिल सकेगा। इस सफल आयोजन के लिए यशवंत साहू, माधव साहू,परदेशी साहू, हृदय हिरवानी संगीता जैन प्रधान पाठक, रेखा मलगाम,हेमलता परतेती संकुल के समस्त शिक्षक व ग्रामवासियों ने बधाई दी है।

## सालों साल

क्यों नही करते उपहास हम,
क्यों नही करते अविश्वास हम।
चुप रहकर सहते सालों साल ,
इनको सत्ता सौंपने वाले हम।
फिर हमको ही देते लालच,
झांसे में आ उल्लू बनते हम।
यह व्यवस्था बदलेगी तब,
सोए हुए जागेंगे जब हम।

गर्जेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि कालोनी
राजनांदगांव छ ग़



# विधायक भावना बोहरा ने किया वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन, जनमानस को दी शुभकामनाएं

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने रविवार को ग्राम गौरमाटी में आयोजित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क भूमिपूजन कार्यक्रम के मंच से वार्षिक कैलेंडर 2025 का विमोचन किया। कार्यक्रम में विधायक भावना बोहरा का ग्राम टाटीकसा की उपसरपंच संगीता साहू और मातृशक्तियों द्वारा पुष्प गुच्छ और पुष्प हार भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।



**नए वर्ष के उत्सवों की झलक कैलेंडर में -**

उपसरपंच संगीता साहू द्वारा तैयार किए गए वार्षिक कैलेंडर का विमोचन करते हुए विधायक भावना बोहरा ने कहा, कुछ ही समय बाद हम नए वर्ष 2025 में प्रवेश करेंगे। यह कैलेंडर जनमानस को वर्षभर आने वाले उत्सवों, पर्वों और तीज-त्योहारों की जानकारी देगा। उन्होंने कैलेंडर की सराहना करते हुए सभी को नए वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

**हर घर पहुंचेगा कैलेंडर : संगीता साहू -**

कैलेंडर विमोचन के बाद उपसरपंच संगीता साहू ने विधायक भावना बोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, यह कैलेंडर जल्द ही ग्राम टाटीकसा और मोहनपुर के प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर विधायक ने सभी से संवाद कर उनकी समस्याएं और कुशलक्षेम जानीं। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इनकी रही उपस्थिति- टाटीकसा से संतोषी साहू पंच, कोशील्या साहू, परमिला साहू, अंजलि साहू, शीला साहू, उषा साहू, धनकुँवर साहू, सुमित्रा साहू, सावित्री साहू , गौरी साहू, फुलमत साहू, नीरा साहू, शेरसिह धुर्वे पंच, मोहित रजक, संतोष साहू, नारद साहू, अजय साहू , मोहनपुर से संतोषी निषाद, सुखमत पटेल, चंद्रिका यादव, खेदिया निषाद, अक़ीलुन बी, पुसिया कौशिक, राज कुमारी कौशिक, जानकी मारकाम, चित्रलेखा मारकाम, मोहनी पटेल, अमरीका कौशिक, सुखबती पटेल, सुशीला निषाद, कौशिल्या मारकाम, गौतर पटेल, श्याम लाल पटेल, सुकालू पटेल, रुखाऊ निषाद, अवध यादव, खलील ख़ान, रमेश पटेल सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे!

# मनेरी में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम मनेरी में न्यू सद्भावना खेल एवं युवा कल्याण समिति के तत्वाधान में राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 22 दिसंबर को हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी द्वारा किया गया। आयोजन समिति द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों एवं स्थितियों द्वारा पूजा अर्चना किया गया एवं झंडा फहराकर इस आयोजन का शुभारभ किया गया। उदघाटन मैच डोंगरगढ़ और खुर्शीटिकुल के मध्य खेला गया । श्री गांधी ने सभी खिलाड़ियों का मैदान में तिलकर लगाकर स्वागत किया तथा सभी खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

**खेलो से बौद्धिक एवं क्षमता का होता है विकास - श्री गांधी**

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता ग्राम मनेरी में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि ऐसे खेलो से खिलड़ियों का बौद्धिक एवं क्षमता का विकास विकास होता है तथा जिसके साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक विकाश भी होता है। श्री गांधी ने सभी खिलाड़ियों एवं आयोजन समिति को इस आयोजन के लिए बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

**पहले मैच में डोंगरगढ़ मनेरी घुघवा साल्हे की जीत हुई**

राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में पहले दिन की पहले मैच में डोंगरगढ और खुर्सीटिकुल के बीच खेला गया जिनमे शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 2 गोल से जीत दर्ज किया इसी प्रकार दूसरा मैच मनेरी और अम्बागढ़ चौकी के बीच खेला गया जिसमें मनेरी ने 4 गोल से विजयी रहा पहले दिन की तीसरा मैच डोंगरगांव और घुघवा साल्हे के मध्य खेला गया जिनमे 3 गोल से घुघवा साल्हे ने जीत दर्ज किया आज का मैच पहला मैच अमरावती और इंदौर के बीच खेला जाएगा दूसरा मैच जम्मू कश्मीर और राजनादगांव के बीच खेला जाएगा तीसरा मैच उकवा और राजनादगाव तथा चौथा मैच मनेरी और डोंगरगढ के बीच खेला जाएगा कार्यक्रम में श्री गांधी के साथ में, रामकुमार गुप्ता ,संतोष यादव , जागृति यदु, राजू यादव,बीरेंद्र साहू,पोहन साहू, ताराचंद , चुनू राम साहू तथा आयोजन समिति के कौशल यादव , हरेंद्र गंगबेर ,नोहर साहू हू, दिलेश्वर साहू,अवध ,योगेश , ललित , अभिषेक , दयानंद साहू, लक्ष्मीकांत, जागेश, लीकेश, खेमचंद,शिवेंद्र , लोकेंद्र, धर्मेंद्र और सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# सोमवती अमावस्या पर राशि अनुसार करें भगवान शिव का अभिषेक, खुशियों से भर जाएगा जीवन

गरुड़ पुराण के अनुसार सोमवती अमावस्या के दिन सच्चे मन से पितरों का तर्पण और विशेष चीजों का दान करने से जातक को पूर्वजों की कृपा प्राप्त होती है। साथ ही पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान किया जाता है। इससे पापों से छुटकारा मिलता है। सोमवती अमावस्या पर महादेव का अभिषेक करना बेहद शुभ माना जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 30 दिसंबर को वर्ष की आखिरी अमावस्या मनाई जाएगी। इस दिन सोमवार पड़ने की वजह से इसे सोमवती अमावस्या के नाम से जाएगा। ऐसे में श्रीहरि और पितरों के संग महादेव की पूजा-अर्चना की जाएगी। धार्मिक मान्यता है कि सोमवती अमावस्या के दिन भगवान शिव का अभिषेक करने से पितृ देव प्रसन्न होते हैं। साथ ही जीवन खुशहाल होता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि किस राशि के जातक को किस चीज से महादेव का अभिषेक करना चाहिए।

पंचांग के अनुसार, इस वर्ष पौष माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि की शुरुआत 30 दिसंबर को सुबह 04 बजकर 01 मिनट से होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 31 दिसंबर को सुबह 03 बजकर 56 मिनट पर



होगा। इस तरह 30 दिसंबर को सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी।

**राशि अनुसार अभिषेक**- मेष राशि के जातकों को सोमवती अमावस्या के दिन शिव जी का गंगाजल से अभिषेक करना चाहिए। वृषभ राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन शिव जी का गंगाजल में दूध मिलाकर अभिषेक कर सकते हैं। मिथुन राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन दूध में दूर्वा मिलाकर शिव जी का अभिषेक करें।कर्क राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन दही से महादेव का अभिषेक करें। सिंह राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन भोलेनाथ का गंगाजल में लाल फूल ड़ालकर अभिषेक करें। कन्या राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन गंगाजल में दूर्वा मिलाकर शिव जी का अभिषेक करें। तुला राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन पंचामृत से महादेव का अभिषेक करें। वृश्चिक राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन दूध में शहद मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। धनु राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन दूध में केसर मिलाकर महादेव का अभिषेक करें। मकर राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। कुंभ राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन नारियल के जल से महादेव का अभिषेक करें। मीन राशि के जातक सोमवती अमावस्या के दिन शिव जी का अभिषेक गन्ने के रस से कर सकते हैं।

## हर कदम पर मिलेगी सफलता, बरसेंगी खुशियां

नए साल से नई शुरुआत की उम्मीद में पूरी दुनिया को 1 जनवरी 2025 का इंतजार है। इसके साथ ही लोगों में नए साल का भविष्यफल जानने की उत्सुकता भी पैदा हो गई है। ड्ड्ड्ड.ड्ढड्डष्ठड्ढ.ष्ठह्लरू की स्पेशल सीरीज में हम लाए हैं सभी 12 राशियों का वार्षिक राशिफल। यहां पं. हर्षित मोहन शर्मा से जानिए वृषभ का वार्षिक राशिफल। ज्योतिषाचार्य हर्षित मोहन शर्मा के अनुसार, वृषभ राशि वालों के लिए नया साल खुशियों से भरा रहेगा। हर काम में सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा को बड़ा प्रमोशन मिलेगा, वहीं बिजनेसमैन को कोई बड़ी डील मिलेगी। परिवार के सदस्यों के बीच संबंध सुधरेंगे। दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य की योजना बनेगी। नई प्रॉपर्टी या वाहन खरीदने के योग बनेंगे।




**पढें आज का राशिफल**

गुरु का गोचर करेगा परेशान, शनि से होगा फायदा

साल 2025 में गुरु का गोचर होगा, जो वृषभ राशि वालों को थोड़ा परेशान कर सकता है। इस दौरान अपनी सेहत का ख्याल रखें। किसी भी विवाद की स्थिति में न फंसे। हालांकि इस गोचर के बाद के चरण में लाभ होगा। राजनीति में काम कर रहे लोगों को बड़ी सफलता मिलेगी। समाज में कद बढ़ेगा। कोई बड़ा पद भी मिल सकता है। ऐसे लोगों की जनसेवा को पहचान मिलेगी और वर्चस्व कायम होगा। नए साल में शनि का भी राशि परिवर्तन होने जा रहा है। ग्रहों की यह स्थिति वृषभ राशि वालों के लिए लाभदायक साबित होगी। शनि के प्रभाव से आप अपने काम का विस्तार कर पाएंगे। शनि महाराज आपके मान-सम्मान में वृद्धि करेंगे। परिवार में आपसी सामंजस्य देखने को मिलेगा। खासतौर पर लाइफपार्टनर हर काम में सहयोग करेगा। किसी ऐसे इंसान से मुलाकात होगी, जो आगे चलकर फायदा दिलाएगा।

nandgaon times dec-23-03.qxd 12/22/2024 10:35 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# छत्तीसगढ़ हॉकी लीग : युवाओं के खेल कौशल को निखारने की अद्भुत पहल - संतोष पाण्डेय

## रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी का प्रयास खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत - खूबचंद पारख, साई राजनांदगांव और डी एच ए राजनांदगांव की बालिकाओं ने जीते मैच



### बालक वर्ग में हॉकी दुर्गा और खेलो इंडिया बिलासपुर ने जीत दर्ज की

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव शहर में खेली जा रही रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ किया गया. शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पाण्डेय शामिल हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेवी खूबचंद परख ने की । वहीं इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रदेश हॉकी संघ- छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी, पार्षद कुलबीर छाबड़ा, जिला हॉकी संघ के सचिव शिव नारायण धकेता,पार्षद शिव वर्मा, समाज सेवी अशोक चौधरी, ललित भंसाली, निर्मल झा एवं रोमेश शर्मा, पूर्व पार्षद देवशरण सेन, वरिष्ठ खिलाड़ी नीलम जैन, कुतबुद्दीन सोलंकी, भूषण साव, कुमार स्वामी, अजय झा,एवं अनूप श्रीवास्तव तथा पार्षद आसिफ अली उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वाइडनीयर स्कूल एवं संस्कार सिटी स्कूल के बच्चों ने एन सी सी कैडेट्स एवं खिलाड़ियों के साथ मार्च पास्ट की मनमोहक प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्यअतिथि सांसद संतोष पाण्डेय ने रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग की प्रशंशा की और कहा की जमीनी स्तर के बच्चों के खेल कौशल विकास के लिए यह प्रयास सराहनीय है।राजनांदगाँव के हॉकी खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है और इस संस्था ने इस प्रतियोगिता के माध्यम इस परंपरा को जारी रखा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज सेवी खूबचंद पारख ने अपने उद्बोधन मे कहा की देश के प्रतिष्ठित टीमों का इस प्रतियोगिता मे भाग लेना ही इसके सफलता का परिचायक है।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी ने बताया की जमीनी स्तर के हॉकी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए देश मे केवल चार पाँच जगहों पर उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। गर्व की बात है की रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी देश के उन चुनिंदा संस्थाओ मे से एक है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं कोच मृणाल चौबे ने बताया की संस्था के सदस्यो के द्वारा छत्तीसगढ़ हॉकी लीग का यह तीसरा वर्ष है। प्रथम वर्ष राजनांदगाँव जिला स्तर, दूसरे वर्ष मे राज्य स्तर पर करवाने के बाद इस वर्ष इस प्रतियोगिता को भव्यता पूर्ण राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसने 20 टीमों के 200 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

**22 से 29 दिसम्बर तक खेले जाएंगे मैच**

रविवार को शुभारंभ हुए इस प्रतियोगिता मे राजनांदगांव के अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 22 से 29 दिसम्बर के बीच मैच खेले जाएंगे. जो लीग कम नॉक आउट आधार पर होंगे. यह प्रतियोगिता जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव एवं छत्तीसगढ़ हॉकी एवं राजनांदगाँव हॉकी संघ के मार्गदर्शन मे रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर गुणवंत पटेल, प्रिंस भाटिया, किशोर धीवर, इंदरपाल सिंह, दीपक यादव, अशोक देवांगन, आशीष सिन्हा, कुशल यादव, दिलीप यादव, हारुन खान, चन्द्रहास साहू, कृष्णा यादव, दीपेश चौबे के साथ राजनांदगाँव की खेल प्रेमी जनता उपस्थित रही।



पहले दिन खेले गए पाँच रोमांचक मुकाबले

प्रतियोगिता के पहले दिन पाँच मैच खेले गए.

जिसमें मिनी बॉयज वर्ग मे पहला मैच चीखली और मोतीपुर के मध्य हुआ. जिसमें मोतीपुर के 2 गोल के मुकाबले चीखली ने 3 गोल कर मैच जीत लिया.

महिला वर्ग मे साईं ए ने स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर को दो के मुकाबले 6 गोल से एवं राजनांदगाँव जिला संघ की टीम ने साईं बी की टीम 10-3 से पराजित किया।

बालक वर्ग का पहला मैच हॉकी दुर्ग और नागपुर महाराष्ट्र के मध्य खेला गया, जिसमे दुर्ग ने नागपुर टीम को 3-2 से पराजित किया इसके साथ ही बालक वर्ग मे उद्घाटन दिन का अंतिम मैच बिलासपुर ब विरुद्ध जांजगीर चाम्पा के मध्य खेल गया जिसमे बिलासपुर ब टीम ने जांजगीर चाम्पा को एक के मुकाबले पांच गोलो से पराजित किया।

**राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता**

इस वर्ष आयोजित हो रही इस अखिल भारतीय स्तर के छत्तीसगढ़ हॉकी लीग प्रतियोगिता में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं. जिसमें नागपुर महाराष्ट्र, पटना बिहार, अमरावती महाराष्ट्र, खालसा क्लब कोलकाता वेस्ट बंगाल, खेलो इंडिया राजनांदगाँव, स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर, बिलासपुर अ, खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस बिलासपुर, जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव, बेमेतरा, दुर्ग एवं जांजगीर चाम्पा, बसंतपुर, चीखली, मोतीपुर एवं मिलचाल तथा महिला वर्ग मे जिला हॉकी संघ राजनांदगाँव, साईं ए, भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगाँव तथा स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर की टीम शामिल है.



**आज खेले जाने वाले मैच**

दोपहर 12:30 बजे मिनी बॉयज वर्ग मे बसंतपुर विरुद्ध मिलचाल

दोपहर 1:30 बजे खेलो इंडिया जांजगीर-चंपा विरुद्ध खालसा क्लब कोलकाता

महिला वर्ग में दोपहर 2:30 बजे भारतीय खेल प्राधिकरण ए विरुद्ध जिला हॉकी संघ राजनांगाँव

बालक वर्ग में 3:30 हॉकी नागपुर विरोध खेलो इंडिया राजनंदगांव

## सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किसान सम्मलेन संपन्न

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** विकास खंड डोंगरगांव में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किसान सम्मलेन का



आयोजन 21 दिसंबर को इंदिरा गांधी सांस्कृतिक भवन में किया गया कार्यक्रम में भाजपा नेता दिनेश गांधी भरत वर्मा हिरेंद्र साहू रामकुमार गुप्ता जनपद सदस्य मनीष साहू जिले के ए डी एम ,तहसीलदार पी एल नाग सहायक संचालक कृषि डॉ अनंत कुमार एस डी ओ श्री वैष्णव और किसान वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे किसान सम्मेलन में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत अधिकतम राशि प्राप्त 10 किसानो को शाल श्रीं फ्ल देकर सम्मानित किया गया, 1 किसानो को उन्नति कृषि उधानिकी फसल के उत्पादन के लिए प्रश्नसनीय पत्र प्रदान किया गया, 25 किसानो को मृदा स्वास्थ्य पत्रक प्रदान किया गया, 5 किसानो को उच्च गुडवत्ता , योजना अंतर्गत मुंग बीज वितरण किया गया, कार्यक्रम में कृषि विभाग के अलावा पशु विभाग उद्यान विभाग और सभी बैंकों ने अपने अपने स्टाल लगाकर विभिन्न योजनाएं की जानकारी दिया गया।

## आरक्षक की आत्महत्या के बाद सरकार और अधिकारी होंगे कठघरे में हो उच्च स्तरीय जांच : चुम्मन साहू

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू ने आरक्षक आत्महत्या मामले व आरक्षक भर्ती मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इससे यह पूरा मामला बेहद संवेदनशील हो चुका है यह भी जानकारी में आया है कि शव के हाथ पर लिखा था कि 'कर्मचारियों को फसाया जा रहा है और अधिकारियों को बचाया जा रहा है' यह लिखा होना किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है आखिर कौन अधिकारी शामिल हैं और उन्हें कौन बचा रहा है। यह घटना हो जाना यह सब यही इशारा करते हैं कि इसमें कई बड़े लोगों का भी हाथ है जो कि प्रशासन में हैं और सवाल भी उठते हैं कि उन्हें बचाने वाले क्या सरकार में हैं? और अब जो कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है वो किसके इशारे पर बनाया जा रहा है किसके इशारे पर अधिकारी आरक्षक भर्ती में घोटाला कर रहे थे यह सभी बड़े सवाल हैं।उन्होंने यह भी कहा कि अब जिस तरह से यह विषय बेहद संगीन हो चुका है और सवाल अनगिनत हैं इसकी निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच होनी बेहद जरूरी हो चुकी है ताकि जल्द से जल्द हजारों युवाओं के भविष्य से खेलने वालों और एक आरक्षक की आत्महत्या के जिम्मेदार लोगों को चाहे वो कितने भी बड़े पद पर आसीन हो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही हो सके व कठोर से कठोर सजा मिल सके ।



## 10 करोड़ की हेरा फेरी के आरोपियों को बचाना क्या यही सुशासन है - रूपेश दुबे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छ ग की भाजपा सरकार की सुशासन की ढोंग का सुशासन सप्ताह में पोल खोलते हुए कहा कि सहारा इंडिया के 10 करोड रुपए के चेक बाउंस के मामले में आरोपियों को बचाने जिस प्रकार काला पीला किया गया जिसके चलते आज भी जिले की जनता को जिला न्यायालय के आदेश के बाद भी राशियों का भुगतान नहीं हो पाया है। और इस मामले में प्रशासनिक तंत्र सर्वोच्च न्यायालय और अमित शाह जी के विभाग सहकारिता को अपने कुकर्म से बचने का आड़ बनाने का घिनौना खेल-खेलकर जिले के सजग कलेक्टर को भी गुमराह कर मामले को गोल-गोल करने पर आमादा है । प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सीधे तौर पर सुशासन का ढोल पीटने वाली भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में चिटफंड कंपनियों में डूबी जनता की जमा पूंजी दिलाने की जो माहती मंशा का कार्य प्रारंभ हुआ था कतिपय प्रशासनिक अधिकारियों ने इस महती योजना को चोट पहुंचाते हुए जनता को प्राप्त होने वाली राशियों पर बाधा पहुंचा कर शासन की मंशा एवं जनता के हितों पर चोट पहुंचाने का काम किया राजनांदगांव जिला प्रशासन को सहारा इंडिया कंपनी के शिकायत और एफआईआर के बाद सहारा के व्यक्तियों की गिरफ्तारी के बाद पांच करोड़ आरटीजीएस एवं पांच-पांच करोड़ के दो चेक प्रदान किए गए थे और उसी के आधार पर जिला न्यायालय राजनांदगांव से आरोपियों को जमानत पर आपत्ति नहीं होने के कारण 18 मई 2022 को जमानत का लाभ मिला था साथ ही उस आदेश में जिला न्यायाधीश महोदय ने कलेक्टर राजनांदगांव को शीघ्रातिशीघ्र 15 करोड़ की राशि सुसंगत जमाकर्ताओ को विधिवत लौटाकी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें का स्पष्ट निर्देश दिया था पर प्रभारी अधिकारी ने न्यायालय के आदेश का अपमान करते मौन साधे बैठे रहे उसके बाद 10 करोड़ के चेक 19 जून और 24 जून को बाउंस होने पर जिला प्रशासन के प्रभारी अधिकारी ने ना तो चेक बाउंस का मामला न्यायालय में पेश किया और तो और सहारा इंडिया की ओर से चेक में हस्ताक्षरकर्ता ने 15 जुलाई 2022 को सितम्बर 2022 तक समय मांग करते पत्र लिखा था समय समाप्त होने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके चलते आज तक जिले के शिकायतकर्ता, सुसंगत हितग्राहियों को 15 करोड़ की राशि का भुगतान नहीं हो पाया है और अब शिकायत करने पर जिले के प्रकरण प्रभारी अधिकारी के द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए और अमित शाह जी के विभाग सहकारिता का हवाला देकर अपने कुकर्मों को छिपाने का प्रयास कर रहे है ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफसर्वोच्च न्यायालय, पीएमओ कार्यालय और विभागीय मंत्री अमित शाह जी को दस्तावेजी शिकायत कार्यवाही हेतु प्रेषित जाएगी ताकि देश व प्रदेश में भाजपा की सुशासन के ढोंग का खुलासा जनता के सामने सार्वजनिक हो।



**सर्वोच्च न्यायालय, पीएमओ , अमित शाह से होगी शिकायत**

## युगांतर में हर्षोल्लास से मना इंटरनेशनल मेडिटेशन डे



**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में इंटरनेशनल मेडिटेशन डे हर्षोल्लास से मना । फिजिकल एजुकेशन शिक्षिका वंदना सिंह ने शानदार ढंग से विभिन्न योगासन की गतिविधि द्वारा इस दिन को यादगार बना दिया । विद्यालय की फिजिकल एजुकेशन शिक्षिका वंदना सिंह को योग प्रशिक्षक और मेडिटेशन विशेषज्ञ के रूप महारत हासिल होने से विद्यालय के बच्चे और शिक्षक-शिक्षिकाएं आल्हादित रहे। वे इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में भाग लेकर योगा के साथ जुम्बा का भी लुत्फ उठाया। उन्होंने मेडिटेशन के लिए उपयुक्त मंत्र और आसन सिखाए और उनका प्रभावकारी रूपों में अभ्यास कराया। यही नहीं उन्होंने मेडिटेशन के जरिये स्वस्थ और सफल रहने की कला सिखाई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी तथा पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इंटरनेशनल मेडिटेशन डे के आयोजन की सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

## विभिन्न गांवों में हुआ लिंकेजेस कैंप का आयोजन

**बांधाबाजार (नांदगांव टाइम्स)।** डाक विभाग अं चौकी, स्वास्थ्य विभाग व मोबाईल क्रेचेस संस्था के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न गांवों में लिंकेजेस कैंप का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम के माध्यम से छोटे बच्चों का नया आधार कार्ड, आधार कार्ड में मोबाईल नंबर लिंक करना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीपीएफखाता, आर डी खाता खोलना आदि महत्वपूर्ण दस्तावेज निर्माण प्रक्रिया व योजना से जोड़ने विभागीय कार्यवाही की गई। कैंप के माध्यम से विकासखंड के ग्राम आमाटोला में 22, पांडुटोला- 25 झिटिया- 21, मुंजाल- 21, दुवालगुंडरा -16, तिरपेमेटा -04 , मांझीटोला -18, तेलीटोला- 40, शिकारीटोला -19, मालडोंगरी -22, जोरातराई-12, केशला -22, बोईरडीह- 12, सेम्हरबांधा-18,धानापायली-18 बच्चों सहित कुल 290 हितग्राहियों का महत्वपूर्ण दस्तावेज निर्माण कार्य व योजना जुड़ाव की प्रक्रिया की गई। इस कार्य में अं चौकी डाक विभाग से संबद्ध अधिकारी, कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच व पदाधिकारी गण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन व मोबाईल क्रैचेस संस्था से भूपेंद्र मलगामे, इंदल कोर्राम का सराहनीय प्रयास रहा।

## कमला कॉलेज के समाज शास्त्र विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाजशास्त्र विभाग में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के निर्देशन में दिनांक 11.12.2024 को सामाजिक अनुसंधान विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, विशेष अतिथि के रूप में राजनीति विभाग की विभागाध्यक्ष विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम तथा मुख्य वक्ता श्रीमती उमा आडिल सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, शासकीय खूबचंद बघेल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई, दुर्ग उपस्थित थे।समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. उषा सोनवानी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सामाजिक अनुसंधान जो नई घटनाओं की खोज या घटनाओं के बीच संबंधों की जांच करना है। राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष सुश्री आबेदा बेगम ने सामाजिक अनुसंधान के महत्व को बताया। कु. गीता साहू जनभागीदारी व्याख्याता समाजशास्त्र ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। मुख्य वक्ता श्रीमती उमा आडिल ने सामाजिक अनुसंधान को पीपीटी के माध्यम से छात्राओं को अनुसंधान प्रविधियों के विशेषताओं महत्व उद्देश्य और समाज में जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश इसके अलावा नई घटनाओं की खोज या घटनाओं के बीच संबंधों की जांच के बारे में बताया। जिसमें समाजशास्त्र छात्रसंघ के पदाधिकारी एवं एमए प्रथम सेमेस्टर, एमए तृतीय सेमेस्टर की सभी छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में सुरेन्द्र पटले अतिथि व्याख्याता समाजशास्त्र द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया और धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com